राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

## आमजन को अधिकाधिक लाभान्वित करने के लिए कार्य करने का किया आह्वान

## भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों की राज्यपाल से मुलाकात

जयपुर, 29 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में भारतीय प्रशासनिक सेवा के नौ प्रशिक्षु अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की।

राज्यपाल ने प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव रखते हुए आमजन को अधिकाधिक लाभान्वित करने के लिए कार्य करें। उन्होंने इन अधिकारियों से संवेदनशील होकर विकास योजनाओं एवं जन कल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही आमजन से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान भी किया। इससे पहले, राज्यपाल श्री मिश्र ने हरीश चंद्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान में प्रशिक्षणाधीन इन अधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री हेमंत गेरा के नेतृत्व में मुलाकात करने वाले इस प्रतिनिधिमंडल में वर्ष 2022 बैच के प्रशिक्षु अधिकारी सुश्री अंशु प्रिया, श्रद्धा गोमे एवं श्री भैसारे शुभम अशोक, दिव्यांश सिंह, मोहित कासनिया, प्रीतम कुमार, सक्षम गोयल, यक्ष चौधरी और यथार्थ शेखर शामिल थे।

———

## राज्यपाल से सांसद श्री सी.पी. जोशी की मुलाकात

जयपुर, 29 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में सांसद श्री सी. पी. जोशी ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

———